तू माँ शेरांवाली है जगदम्बे काली है भजन लिरिक्स

तू माँ शेरांवाली है जगदम्बे काली है,
पालनहारी है, ओ माँ ऽऽऽ ओ माँ ऽऽऽ
(तर्ज :- तू कितनी अच्छी है)

तू माँ शेरांवाली है जगदम्बे काली है
पालनहारी है, ओ माँ ऽऽऽ ओ माँ ऽऽऽ
ये जो दुनिया है खेल है माया का
तू तारण हारी है, ओ माँ ऽऽऽ ओ माँ ऽऽऽ ॥
तू माँ शेरांवाली …डूबने लागी है माँ मेरी नैया–2
आकर बचाले तू बनके खिवइया,
माँ किनारा दे, मुझे सहारा दे
तेरी शक्ति भारी है, ओ माँ ऽऽऽ ओ माँ ऽऽऽ ॥१॥
तू माँ शेरांवाली …

भूला दे माँ तू अवगुण मेरे–2
मैँ पापी हूँ खड़ा हूँ दर पे तेरे,
तू दर्शन दे, मेहर कर दे
खड़ा ये भिखारी है, ओ माँ ऽऽऽ ओ माँ ऽऽऽ ॥२॥
तू माँ शेरांवाली …

माँ बेटोँ की हर बात सुनती है–2
जब जब कष्ट मिले आकर हरती है,
तेरे चरणोँ मेँ, तेरे शरणोँ मेँ
'खेदड़' बलिहारी है, ओ माँ ऽऽऽ ओ माँ ऽऽऽ ॥३॥
तू माँ शेरांवाली …

तू माँ शेरांवाली है जगदम्बे काली है
पालनहारी है, ओ माँ ऽऽऽ ओ माँ ऽऽऽ
ये जो दुनिया है खेल है माया का
तू तारण हारी है, ओ माँ ऽऽऽ ओ माँ ऽऽऽ ॥
तू माँ शेरांवाली …

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com